हिंदी उत्सव

16 सितम्बर, 2025

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में आज ‘**हिंदी उत्सव**’ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मूल उद्देश्य हिंदी भाषा का प्रचार, प्रसार और इसे व्यवहार में लाना था। आयोजन की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० भारती भागड़ा रही। यह आयोजन हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई जिसमें भाषण, काव्य गोष्ठी, समूह नृत्य, हिंदी भाषा गीत, एकांकी तथा पहाड़ी लोक नृत्य प्रमुख रही। गत दिनों महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भाषण, निबंध लेखन, कविता पाठ, दृश्य वर्णन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० भारती भागड़ा ने अपने संबोधन में समस्त विद्यार्थीयों को हिंदी भाषा में व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया तथा हिंदी भाषा व साहित्य तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। वहीं हिंदी की विभागाध्यक्ष डॉ० दिनेश नेगी ने हिंदी भाषा की विरासत, राजभाषा, संपर्क भाषा, मीडिया की भाषा व जन भाषा के रूप में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण तथा लगभग 500 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे।

संजौली कालेज में हिंदी दिवस की धूम

शिमला। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कॉलेज की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, काव्य गोष्ठी, समूह नृत्य, हिंदी भाषा गीत, एकांकी और पहाड़ी लोक नृत्य पेश किया। गत दिनों महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भाषण, निबंध लेखन, कविता पाठ, दृश्य वर्णन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्राचार्य प्रो भारती भागड़ा ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया और हिंदी भाषा व साहित्य और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। हिंदी की विभागाध्यक्ष डाक्टर दिनेश नेगी ने हिंदी भाषा की विरासत, राजभाषा, संपर्क भाषा, मीडिया की भाषा व जन भाषा के रूप में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

संजौली में हिंदी पखवाड़े के विजेता किए सम्मानित

शिमला। उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिंदी उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में हिंदी भाषा का प्रचार, प्रसार और इसे व्यवहार में लाने को लेकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने इस दौरान रंगारंग प्रस्तुतियां भी दीं। इस मौके पर हिंदी की विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश नेगी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कार्य हिंदी में करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी में किसी बात को ज्यादा बेहतर तरीके से लोगों को समझा सकते हैं। ब्यूरो

तैयारी

संजौली कॉलेज में हिंदी दिवस पर आयोजित स्पर्धा के विजेता पुरस्कार हासिल करने के बाद शिक्षकों के साथ। स्रोत : कॉलेज

हिन्दी उत्सव
2025
हिन्दी विभाग
दिनांक - 16 सितंबर, 2025